# स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

नागदा जं. निप्र। शासकीय स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के विभिन्न प्रावधानों एवं महिला सशक्तिकरण के विविध आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंदौर से आमंत्रित श्रीमती शुभा अवस्थी उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पीबी रेड्डी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री वासुदेव जटावन, एवं डॉ सुनील प्रसाद मंचासीन रहे। मंच पर अन्य अतिथियों में डॉ. निधि वाजपेयी, डॉ. सविता मरमट एवं श्रीमती संतोष पंवार भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती लक्ष्मी कदम ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए इसे महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक



ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्य अतिथि श्रीमती शुभा अवस्थी ने समाज एवं परिवार में महिलाओं की प्रबंधक, शिक्षक एवं संगठक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने प्रबंधन संस्थानों की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए महिलाओं की कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. पीबी रेड्डी ने महिलाओं के त्याग, धैर्य एवं समर्पण की प्रशंसा करते हुए अपने बचपन के अनुभव साझा किए तथा अपनी माताजी के संघर्षपूर्ण योगदान का उल्लेख कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन विषय पर राष्ट्र को दिए गए संबोधन का सजीव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ मिति शर्मा द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन सुश्री अंजू ठाकुर ने किया, जिन्होंने अपने संघर्षपूर्ण जीवन अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगणकृप्रांजल रंजन अवस्थी, सचिन तिवारी, आदर्श सिंह डावर, डॉ कृष्णपाल सिंह नरूका, महेश पड़िहार, शांभवी अवस्थी, शिव शंकर मिश्र, यशवंत सिंह गेहलोत सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा नि:शुल्क पार्लर सिलाई मेहंदी केंद्र शुरू किए गए

नागदा जं. निप्र। सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा लगातार चौथे वर्ष भी जरूरतमंद बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए निशुल्क पार्लर, सिलाई एवं मेहंदी के पांच केंद्रो की शुरुआत नागदा नगर में की गई है। संस्था महिला सशक्तिकरण के लिये मजबूत प्रयास कर रही है जिससे कि महिलाएं एवं बालिकाएं आत्मनिर्भर बनकर अपना जीवन यापन अच्छे से कर सके।



सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष संस्था द्वारा जिन पांच जगहो पर केंद्र चालू किए गए हैं उसमें पार्लर एवं मेहंदी के लिए प्रकाश नगर गली नंबर 2 में रूप श्री ब्यूटी पार्लर संचालिका भारती मालवीय, प्रकाश नगर गली नंबर 4 में गणगौर ब्यूटी पार्लर संचालिका मेघा राठौड़, गवर्नमेंट कॉलोनी में रूप श्री सलून संचालिका कीर्ति डांगरा, पार्लर एवं सिलाई के लिए माहेश्वरी लेब के सामने स्थित आकृति ब्यूटी पार्लर संचालिका शीतल शर्मा, सिलाई केंद्र के लिए मनोज साइकिल फर्स्ट फ्लोर जवाहर मार्ग पर लता दासवानी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन पांचो केंद्र का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि रजनी तिवारी, सुनीता गर्ग, कीर्ति शर्मा, आशा जेवरिया, अर्चना बुद्धराजा, मनीषा पालीवाल, देविका बुंदेला द्वारा स्वास्तिक बनाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ज्योति शर्मा (बृजवासी), महासचिव कुमुद पायल ओझा, उपाध्यक्ष अनुराधा गुर्जर, संरक्षक सविता दुबे, संरक्षक इंद्र कुवंर शेखावत, रितु अरोड़ा, प्रमिला रघुवंशी, शालिनी शर्मा, सरोज पोरवाल, ममता गुर्जर, उर्मिला डांगरा, भारती शर्मा उपस्थित रहे।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का पुर्णाहूति के साथ हुआ समापन

**नागदा जं. निप्र।** ग्राम उमरनी में प्रज्ञापुराण कथा पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के समापन पुर्णाहूति पर सभी संस्कार सम्पन्न हुए। एक दिन पूर्व दीपयज्ञ का भी आयोजन हुआ। पुंसवन संस्कार गर्भवती बहनो का होता है यह संस्कार शिशु को सुसंस्कारी बनाने की उपयुक्त परिस्थितियां उत्पन्न करना, गर्भ का पुजन केवल सामायिकता औपचारिकता न रह जाए संस्कारित करने के लिए पुजा उपासना का सतत प्रयोग चले, घर में आस्तिकता का वातावरण रहे। गर्भिणी स्वयं भी नियमित उपासना करे, उसे आहार और विश्राम जितना ही महत्वपूर्ण मानकर चलाया जाए। इसी प्रकार विद्यारम्भ संस्कार विद्यार्थी का किया जाता है। इस संस्कार द्वारा बालक बालिका में उन मूल संस्कारो का की स्थापना का प्रयास किया जाता है जिनके आधार पर उसकी शिक्षा मात्र ज्ञान न रहकर जीवन निर्माण करने वाली हितकारी विद्या के रूप में विकसित हो सके। विद्या के प्रतिनिधि गणेश जी है। विद्या का अर्थ है विवेक और सदभाव की शक्ति सदगुण इसी वर्ग में गिने जाते है गरू दीक्षा संस्कार दीक्षा के बाद गुरू शिष्य परम्परा पूरक बन जाते है। गुरू की शक्ति शिष्य के उत्कर्ष के लिये लगती रहती है। यह तभी सम्भव है जब शिष्य की शक्ति गुरू के कार्यो लोकमंगल के लिये नियममित लगती है। इसे देवत्व की साझेदारी कहा जा सकता है। शिष्य को अपने समय, पुरूषार्थ, प्रभाव, ज्ञान एवं धन का एक अंश नियमित रूप से गुरू के कार्य के लिये लगाना होता है यह क्रम चलता रहे तो लगाई हुई कलम का फलित होना अवश्यम्भावी है।



# स्वर्गीय कामरेड कृष्णास्वामी की 13वीं पुण्यतिथी पर श्रद्धाजंली सभा सम्पन्न



**नागदा जं. निप्र।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय पर स्व. कामरेड कृष्णास्वामी जी की 13वीं पुण्यतिथी पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वामीजी के चित्र पर उपस्थित जनो ने माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की। स्वामी को नारो के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता युनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कामरेड जयन्त बोराल ने की। इसके बाद युनियन के प्रधानमंत्री कामरेड हृदयचंद ने बताया कि स्वामी जी समय के पाबन्द थे। जो भी बात करते थे वह मजदूरो के हितो के लिये ही करते हैं। उनके द्वारा किये गये आंदोलनो से मजदूरो को कोई नुकसान नहीं हुआ।

युनियन के अध्यक्ष कामरेड दिलीप पांचाल ने बताया कि स्वामी जी ने पंचवर्षीय समझौते में मजदूरो को कई हितलाभ दिलवाए। का. सोमदेव पाल, सीटू के का. लल्लनप्रसाद, का. मुलायमसिंहे, इंटक के विजयसिंह रघुवंशी, ओमप्रकाश ओझा ने अपने विचार रखे। पार्टी के जिला महासचिव का. नटवरसिंह यादव ने स्वामीजी के साथ बिताये गये समय की बाते साझा की एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि स्वामीजी के साथ जेल में भी रहे। कार्यक्रम का संचालन का. महेश सोनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय भाषण का. जयन्त बोराल ने दिया।

इस अवसर पर विशाल पोरवाल, राकेश राठौर, पिन्टू गुप्ता, मुकेश चौहान, उमेश पाण्डे, दीपेश पांचाल, रोहित पाल, अशफाक बेग, रवि साहनी, राहुल कुमार निशाद, विनोद कटारिया, लोकेन्द्रसिंह, इसराइल खां, दिपक पाल, विरेन्द्र पांचाल, कन्हैयालाल, मोहनदास बैरागी, राहुल वर्मा, रामगोपाल, प्रभुलाल राठौर सहित मजदूर साथी मौजूद रहे।

# संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकरजी की 135वीं जयंति मनाई



**नागदा जं.।** कांग्रेस व जनता ने आजादी के लिए अंग्रेजों से लडाई लडी, वर्तमान में संविधान की रक्ष के लिये कांग्रेसजनो को अंबेडकरजी की विचारधारा विरोधी भाजपा से एक और लडाई लडनी होगी तभी संविधान की रक्षा हो पाएगी। यह बात बाबा साहब अम्बेडकरजी की जयंति पर पूर्व विपधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने कही। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदों पर भाजपा ने अपने अपनी विचारधारा वाले व्यक्तियों को बैठा कर तानाशाही अपनाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समाप्त कर रहे हैं। जब भी भाजपा के 400 से अधिक सांसद जीत कर संसद पहुॅंच जाऐंगे संविधान को बदलने का प्रयास किया जाएगा। देश में एक राष्ट्र एक चुनाव एक राष्ट्रपति प्रणाली लागू की जाएगी। अम्बेडकरजी को मानने वाले लोगों को वर्तमान परिस्थिति को समझते हुए भाजपा के गुप्त एजेंडे को पहचानना चाहिए। कांग्रेसजनों ने बाबा साहब की जयंति पर बस स्टेण्ड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य राधे जायसवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवीसिंह चन्द्रवंशी, पार्षद आसीफ हुसैन बन्टू जी9, विशाल गुर्जर, राजकुमार राठौर, वासुदेव चौहान, लोकुमल खत्री, मोहम्मद रंगरेज, मुकेश परमार आदि ने संबोधित किया। संचालन पार्षद प्रमोदसिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर पार्षद चौहान ने संविधान बचाने की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद कल्याणसिंह कुशवाह, पार्षद संदीप चौधरी, सरपंच निलेश गुर्जर डाबरी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, राजा यादव, सीतारामजी, मुकेश खटाना, सुभाष बैरागी, पदम बोडाना, पिन्टु राजोरिया, किशोर सेठिया, शंकरलाल गुजराती, कमलेश चावण्ड, सुनील गायकवाड, कन्हैयालाल पांचाल, बिहारीलाल चौहान, संदीप मालवीय, धर्मेन्द्र मालवीय, असलम खान, संजय जायसवाल, प्रहलाद खटीक, सुरेन्द्र साहनी, सुरेश उपाध्याय, देवेन्द्र नागर, महेश राव, रमेश लाडा, मुन्ना सरकार, श्यामाबाई राव सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# लायंस डिस्ट्रिक्ट के मालपानी रीजन एवं बिसानी झोन चेयरपर्सन मनोनित

नागदा जं. निप्र। लायंस इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के सत्र 2026-27 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट लायन महेश मालवीय ने लियो के पूर्व प्रांताध्यक्ष, लायंस क्लब नागदा पूर्व अध्यक्ष, झोन चेयरपर्सन लायन विरेन्द्र मालपानी को नवीन सत्र का रीजन चेयरपर्सन नियुक्त किया।

इसी प्रकार लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष लॉयन अशोक बिसानी को झोन चेयरपर्सन नियुक्त किया है।

लायन्स क्लब नागदा के सचिव लायन सुनील त्रिवेदी एवं लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के सचिव लायन रोहित प्रजापत ने बताया कि मालपानी एवं बिसानी के मनोनयन की घोषणा 12 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित लायंस के प्रांतीय सम्मेलन में सत्र 2026-27 के में नवीन सत्र से लायंस डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत आने वाले डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट लायन महेश मालवीय ने सदन के सम्मुख की। इस अवसर पर गेट एरिया वाइस लीडर लायन कुलभूषण मित्तल, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन राजू मनवानी, मल्टीपल काउंसिल चौयरमेन लायन मनीष शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ, प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट लायन पंकज मारू, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर





इलेक्ट लायन संजय सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्री मालपानी एवं बिसानी की इस नियुक्ति पर पूर्व प्रांतपाल मदन माहेश्वरी, लायंस क्लब नागदा अध्यक्ष एनके मिश्रा, लायंस क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष डॉ हिमांशुदत्त पांडे, लायंस क्लब नागदा गोल्ड अध्यक्ष पीडी शुक्ला, लायंस क्लब नागदा अविग्न अध्यक्ष मनीष गेहलोत, लियो क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष शुभम मोहता, चंद्रशेखर जैन, गोविंदलाल मोहता,गुलज़ारीलाल त्रिवेदी, बद्रीलाल पोरवाल, हरीश तिवारी, सतीश बजाज, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ एसआर चावला, डॉ अनिल दुबे, डॉ प्रदीप रावल, कमलेश जायसवाल, डॉ जगदीश भिंडिया, रवि शर्मा, राजेश इंद्र, सुनील नरूला, अरविंद नाहर, सुशील ओझा, दिलीप सिंह शेखावत, रामचंद्र ऊंटवाल, विरेंद्र कटियार, डॉ. प्रदीप शर्मा, आरके यादव, डॉ सौरभ सुलानिया, घनश्याम राठी, मोतिसिंह शेखावत, जगदीश विश्वकर्मा, एसएस शर्मा, लता अग्रवाल, प्रिति जायसवाल, मनोज सोनी, मुकेश मोहता, मनीष अग्रवाल, संतोष चौहान, सतीश बजाज, विनय राज शर्मा, अजय गरवाल, अजय पोरवाल, रोहित प्रजापत, सलीम खान, डॉ. ओम बैरागी, झमक राठी, राजेश मोहता, रवि कांठेड, रवि शर्मा, घनशयाम राठी, निर्मल जैन, संतोष कोलन, पंकज पावेचा, विजय पोरवाल, कृष्णकांत गुप्ता, कमलेश नागदा, ललीत खण्डेलवाल, महेश पंजाबी, अशोक पोरवाल, विरेन्द्र जाजोरिया, गुरविन्दरसिंह नेगी, प्रदीप राठी, प्रतीक माहेश्वरी, प्रकाश राठी, राजकुमार मोहता, राकेश पोरवाल, रविन्द्र कुमार चौहान, मुकेश राठौर, मनोहरलाल शर्मा, शरद जैन गबूल, श्याम पोरवाल, सौरभ मोहता, तेजपालसिंह जवेरिया, वैभव कांठेड, विनोद पोरवाल, संदीप कांठेड, राकेश डाबी, मनीष चपलोत, मुकेश जैन, शेर मोहम्मद, जमना मालपानी, दिलीप तिवारी, बाबुलाल प्रजापत, आनन्दीलाल गगरानी, डॉ पवन शर्मा, डॉ प्रमोद बॉथम, आनंद पोरवाल, चितवन मालपानी, लियो अनुज खंडेलवाल आदि लायंस एवं लियो सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सर्व विश्वकर्मा सामाजिक कल्याण संस्था नवगठित समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न

नागदा जं. निप्र। 13 अप्रैल को सर्व विश्वकर्मा सामाजिक कल्याण संस्था द्वारा नवगठित समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोनीत अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा द्वारा की गई।



बैठक में समिति सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष गोवर्धन विश्वकर्मा, सह-सचिव प्रभु लाल पांचाल, समिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद शर्मा तथा वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल पांचाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सर्वप्रथम सभी उपस्थित महानुभावों ने तीन बार ÷ऊँ÷ का उच्चारण कर आराध्य देव भगवान श्री विश्वकर्माजी को नमन किया। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने अपना-अपना परिचय देते हुए बैठक का शुभारंभ किया। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष गोवर्धन विश्वकर्मा द्वारा किया गया। आपने मंदिर के इतिहास, स्थापना एवं पूर्व कार्यों की विस्तृत जानकारी नवागत सदस्यों को प्रदान की गई। साथ ही संस्था की वर्तमान आय के स्त्रोतों एवं मंदिर संचालन व्यवस्था के व्ययों का भी विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया गया।

समिति सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, सह-सचिव प्रभु लाल पांचाल एवं राजेन्द्र शर्मा द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। मंदिर के जीर्णोद्धार उपरांत मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की तिथि के संबंध में चर्चा की गई। पूर्व में 5 अप्रैल की बैठक में 2, 3 एवं 4 मई 2026 को आयोजन हेतु विचार किया गया था। किन्तु वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल पांचाल द्वारा सुझाव दिया गया कि इतने बड़े आयोजन को अल्प समय में संपन्न करना व्यावहारिक नहीं होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि नवगठित समिति को विधिवत कार्यभार सौंपने के पश्चात समिति सदस्य नागदा नगर एवं आसपास के ग्रामों में निवासरत विश्वकर्मा बंधुओं से संपर्क कर आयोजन की सूचना दें तथा दान राशि संग्रह की प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही यजमानों को घोषित धनराशि की व्यवस्था हेतु पर्याप्त समय दिया जाना आवश्यक है।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सर्व विश्वकर्मा समाज की विस्तृत बैठक 17 अप्रैल, शुक्रवार (अमावस्या) को मंदिर परिसर में आयोजित की जाए, जिसमें समाजबंधुओं के मार्गदर्शन से प्राण प्रतिष्ठा की अंतिम तिथि निर्धारित की जाएगी। नवगठित समिति के सदस्य मुकेश विश्वकर्मा, विनय राज शर्मा, महेश चौहान, अजय विश्वकर्मा, बद्रीलाल पांचाल, दिनेश मंडोरा, दीपक चौहान, रमेश चंद्र विश्वकर्मा एवं विजय झाला उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने तन, मन एवं धन से मंदिर एवं समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में नवागत सदस्यों का समिति पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# पुलिस की तत्परता से नाबालिग बालिका सुरक्षित बरामद, आरोपी की तलाश जारी

नागदा जं. निप्र। थाना नागदा क्षेत्र में पुलिस की सजगता एवं त्वरित कार्रवाई का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। 8 अप्रैल को एक नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए चले जाने की सूचना पर थाना नागदा में अपराध क्रमांक 160/2026 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बालिका की तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने जिला देवास के ग्राम चापड़ा क्षेत्र में पहुंचकर सघन तलाश की। पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि बालिका स्वयं ही घर से चली गई थी। इस दौरान उसके साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा काउंसलिंग हेतु वन स्टॉप सेंटर में भी प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में संदेही/आरोपी की तलाश जारी है तथा उसे शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस सफल कार्यवाही में थाना नागदा पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी मुस्तैदी एवं संवेदनशीलता से एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित खोज निकाला गया। यह कार्यवाही पुलिस की जनसुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता एवं तत्परता को दर्शाती है।

**सराहनीय भूमिका-** इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अमृत लाल गवरी, उप निरीक्षक योगिता उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक प्रभुलाल मुनिया एवं साइबर टीम के एसआई प्रतीक यादव की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

*आज के समय में माता-पिता और बच्चों के बीच कम्युनिकेशन गैप एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। वर्तमान माहौल को देखते हुए यह एक बड़ी विडंबना है कि कम उम्र में ही बच्चे बिना पर्याप्त समझ के केवल फोन पर हुई बातचीत के आधार पर ऐसे निर्णय ले लेते हैं। लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए आवश्यक है कि बच्चों को जागरूक किया जाए, सही मार्गदर्शन दिया जाए तथा परिवार में संवाद को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।*

## अंबेडकर भवन शेड का लोकार्पण, मंदिर परिसर में नए शेड का भूमिपूजन

# नागदा वार्ड 21 में 49.28 लाख के विकास कार्यों की सौगात

**नागदा जं. निप्र।** नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा वार्ड क्रमांक 21 में 49.28 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम नपाध्यक्ष श्रीमती संतोष ओपी गेहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर 33 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर भवन परिसर में निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया, जबकि 16.28 लाख रुपए की लागत से बेरछा रोड स्थित माताजी मंदिर के समीप नए शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान उपस्थित रहे। साथ ही जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास, राजेंद्र अवाना, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल एवं प्रकाश जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत नाग महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर शेड का लोकार्पण किया तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्यों को जनता को समर्पित किया। तत्पश्चात वार्ड पार्षद द्वारा अतिथियों का हार-फूल एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि निर्मित शेड वार्डवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे और सभी के लिए सुलभ रहेंगे।

वार्ड पार्षद एवं स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हुई है। उन्होंने इसे वार्ड के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही को सम्मानित किया इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम किस्त के हितग्राहियों को भी सम्मानित किया गया। जिन लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त राशि 1 लाख राशि प्राप्त हो चुकी है, उनसे शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया गया। हितग्राहियों का स्वागत कर उन्हें अपने सपनों का घर पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, वार्ड पार्षद श्रीमती देवकुंवर जीवनसिंह पटेल, सभापति भावना रावल, पार्षद बिट्टू यादव, दौलतराम प्रजापत, सूरज मकावाना, राजा कर्णावत, नरेंद्र कोठारी, हेमलता बागड़ी, बंटू बोडाना, अमर सोलंकी, रविंद्र राणावत, यशवंत आर्य, जगदीश बागड़ी, ऋतु पाण्डेय, अनिल जोशी, विजयसिंह सिसोदिया सहित कई जनप्रतिनिधि,पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।